# हिन्दी प्रादेशिक समाचार
# आकाशवाणी चंडीगढ़
# 24 मार्च 2024, समय 1810

- होली कि पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने देशवासिओं को दी शुभकामनाये ।
- सरकार ने प्याज निर्यात पर प्रतिबंध अगले आदेश तक बढ़ाया।
- हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता पहचान पत्र के अलावा 11 वैकल्पिक दस्तावेजों का उपयोग करके भी मत का प्रयोग लिया जा सकता है ।
- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने विश्व कबड्डी दिवस पर खिलाड़ियों को बधाई दी
- होली पर्व के मद्देनज़र हरियाणा पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुख्ता इंतेज़ाम किये, वही होली पर प्रदेश भर के बाज़ारों में है रौनक

..................................................................................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने होली की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने एक संदेश में कहा है कि होली हर्षोल्लास और खुशियों का त्योहार है जो लोगों में आशा और उत्साह की भावना जगाता है। उन्होंने कहा कि होली के रंग देश की विविधता के प्रतीक हैं और यह त्योहार प्रेम, एकजुटता और भाईचारे को बढावा देता है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कामना की है कि होली हर व्यक्ति के जीवन में खुशियां लाए और सबको एक नये उत्साह के साथ राष्ट्र निर्माण की ओर अग्रसर करे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी देशवासियों को होली की शुभकामनांए दी हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि होली जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगी।

..................................................................................

केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और प्याज की कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय-डीजीएफटी ने एक अधिसूचना में कहा कि प्याज के निर्यात पर 31 मार्च 2024 तक रोक लगाई गई थी और अब इसे अगले आदेश तक बढ़ाया जा रहा है।

पिछले साल दिसंबर में सरकार ने प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालाँकि प्रत्येक मामले के आधार पर मित्र देशों को प्याज के निर्यात की अनुमति दी गई है।

..................................................................................

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपना योगदान अवश्य करें। इसके लिए प्रत्येक मतदाता सुनिश्चित कर लें कि उनका नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज हो। जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वही मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र यानी एपिक कार्ड नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। प्रत्येक वोटर को मतदान केंद्र में अपने मत की गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य है और ये उसकी नैतिक ज़िम्मेदारी भी है।

अग्रवाल ने बताया कि यदि मतदाता के पास पुराना एपिक कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है, बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं है तथा वह वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर अपना आधार कार्ड या वोटर कार्ड या अन्य कोई पहचान पत्र दिखाता है तो उसे वोट डालने नहीं दिया जाएगा। कोई भी मतदाता केवल तभी वोट डाल सकता है जब उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। उन्होंने बताया कि एपिक के अलावा मतदाता आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों का उपयोग करके भी वोट डाल सकते हैं। इन दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, सांसदों, विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और आधार कार्ड शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि हरियाणा के मतदाता सीईओ हरियाणा की वैबसाइट https://ceoharyana.gov.in/ पर अपने वोट की जानकारी त्वरित गति व आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। इसकी सहायता से वोटर अपना एपिक नंबर डाल कर बड़ी आसानी से अपना वोट चैक कर सकते हैं। यदि कोई अपना एपिक नंबर भूल गया है तो भी वह अपना नाम व पिता-पति आदि का नाम भरकर अपना वोट चैक कर सकता है। उन्होंने बताया कि वेबसाइट पर विधानसभा अनुसार भी मतदाता सूचियां अपलोड है, उसे डाउनलोड करके भी कोई व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में चैक कर सकता है। इसके अलावा, वोटर हेल्पलाइन नंबर- 1950 पर कॉल करके भी अपनी वोट चैक कर सकते हैं।

..........................................................................................

हरियाणा में मतदान 25 मई को होंगे और चार जून को मतों की गणना होगी। इसके लिए जिला निर्वाचन द्वारा विभिन्न प्रबंध किए जा रहे हैं।

पंचकूला जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील सारवान ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' को चुनावी थीम निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव से संबन्धित मीटिंग, ट्रेनिंग, जागरूकता कार्यक्रमों में थीम का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करके इसे लोकप्रिय बनाना है। सुशील सारवान ने कहा कि सभी जिला कार्यालयों द्वारा अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लोकसभा आम चुनाव 2024 के थीम व लाॅगो का प्रयोग किया जाए। साथ ही कार्यालयों, व्हाटसअप ग्रुपों और वेबसाइटों पर भी 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' थीम का प्रयोग किया जाए। उन्होंने लोकसभा आम चुनाव - 2024 के कार्यक्रम के बारे में बताया कि 29 अप्रैल 2024 को चुनावी अधिसूचना जारी की जाएगी और छह मई तक उम्मीदवारों द्वारा नामाकंन पत्र दाखिल किये जाएंगे। सात मई को नामांकन पत्रों की छंटनी की जाएगी और नौ मई तक प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं।

पंचकुला जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी व अतिरिक्त उपायुक्त अतिरिक्त कार्यभार गगनदीप ने बताया कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार स्वीप गतिविधियां करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इस बार पहली बार वोटर को लक्षित करना है। इसके लिए महाविद्यालय में ऑडियो वीडियो व विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई जा रही हैं। वही दिव्यांजनों, ट्रांसजेंडर व 85 वर्ष से अधिक वोटरों व खिलाड़ियों को भी वोट देने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

पंचकूला के उपमंडल अधिकारी नागरिक व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर गौरव चौहान ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान 25 मई को होने वाले मतदान में अम्बाला लोकसभा क्षेत्र के लिए जिला के 4 लाख 22 हजार 642 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें 2 लाख 22 हजार 159 पुरुष, 2 लाख 458 महिला मतदाता और 25 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल है। जिला के 18-19 आयुवर्ग के 6,362 युवा मतदाता पहली बार अपने मत का प्रयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि 25 अप्रैल 2024 तक नये मतदाताओं के नाम सूची में सम्मिलित करने के लिए आवेदन लिये जाएंगे। पात्र द्वारा व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित होकर स्वयं आवेदन करना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला में 424 पोलिंग बूथ स्थापित किए गए हैं जिसमें कालका में 218 और पंचकूला में 206 मतदान केन्द्र शामिल हैं। पहली बार वोट देने वाले खिलाड़ियों व छात्र छात्राओं ने वो पहली बार वोट डालने पर खुशी, उत्साह व हर्ष को व्यक्त करते हुए कहा कि बिना किसी जाति भेद, लिंग व किसी प्रभाव के वोट डालेंगे। उन्होंने सभी अपील की

कि सभी वोटर वोट का अवश्य करें। यह छुट्टी का दिन नही बलिक एक सुदृढ़ लोकतंत्र के निर्माण का दिन है। सभी 25 मई को अपना वोट अवश्य डालें।

..........................................................................................

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने विश्व कबड्डी दिवस पर खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आज पंचकूला स्थित ताऊ देवीलाल स्पोर्ट्स कंपलेक्स में हो रहे कबड्डी मैच देखा। उन्होंने विश्व कबड्डी दिवस पर सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में खेलों के महत्व को समझें क्यूंकि इस से मानसिक और वैश्विक दोनों ही ताकत मिलती है। राज्यपाल ने कहा कि हरियाणा ने कबड्डी के कई खिलाडी दिए है तथा कबड्डी में क्षेत्र में विश्व में पहचान अर्जित की है।

..........................................................................................

होली पर्व के मद्देनज़र हरियाणा में हर जगह बाज़ार रंग बिरंगे होली के रंगों से सजे हुए हैं। हमारे अम्बाला के संवाददाता ने बताया कि त्यौहार की रौनक अम्बाला के बाज़ारों में देखने को मिल रही है। इस बार पर्यावरण अनुकूल रंग, नए तरीके की पिचकारियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। संवाददाता ने बताया कि दुकानदारों में होली के त्यौहार को लेकर खासा उत्साह है क्योंकि कोरोना के बाद इतनी भीड़ होली के त्यौहार पर बाजारों में जुटी है और बच्चों की वार्षिक परीक्षाएं खत्म होने के कारण पूरा परिवार एक साथ खरीददारी करने आ रहा है। शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने आज कुरुक्षेत्र में आयोजित होली मिलन समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर शहर वासियों, गणमान्य लोगों, भाजपा कार्यकर्ताओं ने बरसाना की तर्ज पर फूलों और सूखे रंगों के साथ होली खेली। राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि होली के रंग-बिरंगे रंग समाज में आपसी भाईचारा, उल्लास और उमंग के रंग भरते है। यह रंगों का पर्व देश का एक अनोखा त्यौहार है। इस त्यौहार में होलिका दहन के साथ ही नफरत और कटुता को भी खत्म करने का प्रण लिया जाता है ताकि समाज में भाईचारा व एकता की भावना का विकास हो सके। होली पर्व पर जींद शहर के महाभारत कालीन जयंती देवी मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। महिला श्रद्धालुओं ने एक दुसरे पर रंग डाला । इस दौरान जींद की भजन गायिका जानवी ने अपनी प्रस्तुति दी। उधर, भिवानी में भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के वाईस चेयरमैन विजेंद्र बडग़ुज्जर ने शिरकत की।

उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि होली रंगों का महापर्व है, इसीलिए इस पर्व को रंग-गुलाल के साथ मनाएं, ना कि पानी को बर्बाद करके। कैथल पत्रकार संघ द्वारा भी होली मिलन

समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर कैथल पत्रकार संघ के अध्यक्ष नवीन मल्होत्रा, प्रधान सूरजमल सहारण उप प्रधान मनोज मलिक, महासचिव जयपाल रसूलपुर सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

.....................................................................................

होली त्यौहार पर ठगी होने को लेकर हरियाणा साइबर की टीम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लोगों को जागरूक किया है। उन्होंने इस सन्देश के माध्यम से लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए बताया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से होली की पार्टियों के सस्ते कूपन बेचने की आड़ में साइबर ठग आपको क्यूआर कोड भेज सकते हैं । जैसे ही क्यूआरकोड स्कैन करेंगे, आपके डिवाइस का कंट्रोल उनके पास चला जाएगा और आपके साथ ठगी हो सकती है । उन्होंने आमजन को सतर्क रहने की हिदायत दी और किसी भी कूपन कोड को स्कैन करने से पहले पार्टी के आयोजक से संपर्क करने का आह्वाहन किया। उन्होंने ये भी कहा कि लोग सन्देह की स्थिति में साइबर हेल्पलाइन 1930 पर तुरंत संपर्क करें।

.....................................................................................

कैथल में यातायात पुलिस ने होली के मद्देनज़र बुलेट मोटरसाइकिल सवारों द्वारा ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश लगते हुए बुलेट मोटरसाइकिल के 55 साइलेंसर जबत कर उन्हें नष्ट करवा दिया है। पुलिस उपायुक्त पंचकूला हिमाद्रि कौशिक नें पंचकूला वासियो को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली के पर्व को आमजन की सुरक्षा की दृष्टि से कानून व्यवस्था बनाए रखनें के लिए कड़े सुरक्षा के प्रबंध किए गये है पुलिस नें शहर में सुरक्षा के मध्यनजर 40 विशेष पुलिस नाके स्थापित व करीब 425 पुलिस कर्मी तैनात किए गये है। पुलिस की अलग-2 मोबाइल युनिट पेट्रोलिंग गस्त पर मौजूद रहेंगी। 25 पुलिस राईडर , 25 क्यू आर टी हाईवे पर शहर मे अलग अलग स्थानो पर लगातार गस्त करेंगी । इसके अलावा पुलिस की पीसीआर व डायल 112 ईआरवी भी मौजूद रहेंगीं ।

.....................................................................................

फरीदाबाद की संस्था "केयर फॉर थैलासीमिया" का एक दल होली की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने राष्ट्रपति भवन गया। थैलेसीमिया पीड़ित बच्चो ने राष्ट्रपति को पुष्पगुच्छ भेट किया और राष्ट्रपति ने सभी बच्चो को होली के रंग से तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। केयर फॉर थेलासीमिया की कोषाध्यक्ष कृतिका ने राष्ट्रपति को थैलेसीमिया के बारे में और थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के सामने आने वाली कठिनाइयों के बारे में विस्तार से बताया। उन्हें बताया कि यदि शादी से पहले या शादी से बाद थैलेसीमिया कॅरियर का परीक्षण कर दिया जाये

तो, तो ऐसे बच्चो के पैदा होने की संभावना कम होगी, ऐसा हो जाये तो भारत थैलेसीमिया मुक्त देश बन सकता है। उन्होंने राष्ट्रपति से प्रार्थना की इस टेस्ट को स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा अनिवार्य रूप से कराने का अनुरोध किया जाये ।

..............................................................................................

24 मार्च का दिन तपेदिक दिवस के रूप में जाना जाता है। आज ही के दिन 18 सौ 82 में डॉ. रॉबर्ट कोच ने क्षय रोग के लिए जिम्मेदार जीवाणु माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस की पहचान की थी।

इसका उद्देश्य तपेदिक के बारे में लोगों को जागरूक करना और इसके फैलाव को रोकना है। क्षय रोग फेफड़ों को सर्वाधिक प्रभावित करता है और किडनी, रीढ़ की हड्डी और मस्तिष्क पर भी असर डालता है।

कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली, मधुमेह, कुपोषण और तंबाकू का उपयोग इस रोग के जोखिम को और बढ़ा देते हैं।

..............................................................................................